## एक नजर में

### शैलेन्द्र माथुर मंदसौर और नीमच जिला के लिए को-ऑर्डिनेटर नियुक्त

**मन्दसौर।** आर्ट ऑफ लिविंग मंदसौर के जुझारू, समर्पित, सेवाभावी साधक शैलेन्द्र माथुर को आर्ट ऑफ लिविंग के वैदिक धर्म संस्थान (वीडीएस) द्वारा मंदसौर एवं नीमच जिला के लिए को - ऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। श्री माथुर के मनोनयन से इस क्षेत्र में वैदिक धर्म संस्थान द्वारा आयोजित विभिन्न पूजा, होम के कार्यक्रमों को और गति मिलेगी ।



आर्ट ऑफ लिविंग खुमानसिंह चुंडावत, हरीश रायवाल, योगेंद्र शर्मा, रघुराज सिंह सिसोदिया , शिवराज सिंह चौहान, सुमेर सिंह, कमलेश कोठारी, सुरेन्द्र संघवी, नरेंद्र धनोतिया, दिलीप परमार, आशीष राठौर, डॉ. रमेश कनेसरिया, दिनेश व्यास, धीरेंद्र कदम, यतीन्द्र जोशी, शकुंतला सोनी, सौरभ पटेल, मुकुल माहेश्वरी सहित अनेक साधकों ने शैलेन्द्र माथुर को बधाई दी है।

### किशोर स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों को दिया तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**मंदसौर।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 23 से 25 जून 2026 तक होटल ऋतुवन में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के 84 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य किशोर-किशोरियों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक विकास से जुड़े विषयों पर शिक्षकों को प्रशिक्षित करना था। आयुष्मान भारत के स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों को हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर के रूप में तैयार किया गया। प्रशिक्षण में जीवन कौशल शिक्षा के मॉड्यूल के आधार पर व्यवहारिक जानकारी एवं अध्ययन सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस. चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक निलेश गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार जाट एवं एडीपीसी लोकेंद्र डाबी के मार्गदर्शन में आसरा लोककल्याण समिति, देवास के सहयोग से किया गया। राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों लक्ष्मीनारायण पाटीदार, श्रीमती रेणुका आचार्य, श्रीमती सपना भट्ट एवं खाजू शाह ने प्रशिक्षण प्रदान किया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

## शांतिनाथ जैन मंदिर में श्रद्धा-उल्लास के साथ किया ध्वजारोहण

**मंदसौर।** मंदसौर जिले के समीपस्थ ग्राम नोगांवा स्थित प्राचीन श्री शांतिनाथ जैन मंदिर में वार्षिक ध्वजारोहण महोत्सव श्रद्धा, आस्था और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रात: शुभ मुहूर्त में भगवान श्री शांतिनाथ के अभिषेक एवं स्नात्र पूजा के बाद मंदिर के शिखर पर ध्वजा फहराई गई। ध्वजारोहण के साथ पूरा मंदिर परिसर णमोकार महामंत्र के जयघोष-भक्ति के वातावरण बना।

मंदिर के व्यवस्थापक अभय जैतावत ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 9 बजे धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ। जैन समाज के श्रद्धालुओं ने मंदिर के शिखर पर पूरे विधि-विधान से ध्वजा चढ़ाकर भगवान के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त की। ध्वजारोहण के शिखर पर छिगांवत परिवार द्वारा ध्वजा चढाई गई । तत्पश्चात गंभीरचंद कालुराम जैन



नौगांवा वाला परिवार द्वारा ध्वजारोहण के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए स्वामीवात्सल्य का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन ने धर्मलाभ प्राप्त किया। संघ के वरिष्ठ संत कुमार छिंगावत, अनिल छिंगावत, हेमंत छिगांवत ,दीपक छिंगावत, चिन्टू छिगांवत, दशरथ जैन, राजमल जैन, शांतिलाल नवलखा, सुरेश कुमार जेतावत, सुनिल जेतावत, विजय जेतावत, अंकित जेतावत, अर्चित जेतावत, गजेन्द्र जेतावत, अशोक जेतावत, मानमल जैन सीए, विनोद जेतावत, गुणवंत जेतावत, सुर्यप्रकाश जेतावत, राजकुमार जेतावत, अपूर्व जेतावत, अंकित जेतावत, कल्पेश मेहता, चंदन नवलखा, श्रीपाल नवलखा, जम्बू नवलखा, राकेश जैन के.सं , बन्टी मेहता, नरेश मेहता, दिलीप जैतावत, सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की भव्यता की सराहना करते हुए ध्वजा को समाज की एकता, आस्था का प्रतीक बताया। उक्त जानकारी अभय जैतावत द्वारा दी गई।

### जिनवाणी पर विश्वास कर जीवन को बनाएं सार्थक : मुनि विरलरत्न विजय

पिपलिया मंडी। मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है और इसे धर्म, संयम तथा सदाचार के मार्ग पर चलकर ही सार्थक बनाया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जिनवाणी पर अटूट विश्वास और श्रद्धा रखनी चाहिए। यह विचार मुनि विरलरत्न विजय महाराज ने कुमठ आराधना भवन में आयोजित व्याख्यान के दौरान व्यक्त किए। मुनिश्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज्ञानी भगवानों ने मोक्ष प्राप्ति का जो मार्ग बताया है, उसका श्रद्धा और विश्वास के साथ अनुसरण करना ही मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य है। आज अधिकांश लोग धर्म के सिद्धांतों को जानते तो हैं, लेकिन



उनका पालन करने में पीछे रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में रात्रि भोजन का त्याग करने की प्रेरणा दी गई है, क्योंकि यह आध्यात्मिक और शारीरिक दोनों दृष्टि से हितकारी है, पर लोग इस बात को गंभीरता से नहीं लेते। जब चिकित्सक स्वास्थ्य की दृष्टि से सूर्यास्त के बाद भोजन नहीं करने की सलाह देते हैं तो लोग उसे सहजता से स्वीकार कर लेते हैं, जबकि जिनवाणी सदियों पहले से यही संदेश देती आ रही है। इससे स्पष्ट होता है कि जिनवाणी केवल आत्मकल्याण और मोक्ष का मार्ग ही नहीं दिखाती, बल्कि वर्तमान जीवन और उत्तम स्वास्थ्य के लिए भी मार्गदर्शन प्रदान करती है।

## ग्वाला समाज के निर्वाचन आज, 1125 समाजजन करेंगे मतदान

**मंदसौर।** ग्वाला समाज की श्रीकृष्ण ग्वाला गवली सामाजिक संस्था के अध्यक्ष पद पर निर्वाचन आज लोकतांत्रिक पद्धति से आयोजित होंगे। समाज की संस्था के चुनाव प्रति तीन वर्ष में आयोजित हो रही हैं। संस्था के चुनाव को लेकर समाज में उत्साह का माहौल हैं। ग्वाला समाज की संस्था के जिला अध्यक्ष पद पर चुनाव होंगे। इस साल चुनाव मैदान में दो उम्मीदवार खड़े हैं। इनके बीच चुनाव होगा। गोविंद सुरा और अनिल मसानिया के बीच अध्यक्षीय मुकाबला हैं। मतदाता सूची में समाज के 1125 मतदाताओं के नाम हैं। इनमें मंदसौर, गरोठ, सीतामऊ और नारायणगढ़ के समाजजन शामिल हैं। चुनाव की सम्पूर्ण प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ एडव्होकेट अजयकुमार सिखवाल द्वारा आयोजित करवाई जाएगी। आज 28 जून को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा। दोपहर 3 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी और इसके बाद चुनाव परिणामों की घोषणा होगी। चुनाव संजय गांधी उद्यान परिसर नई आबादी मंदसौर में आयोजित होंगे।

## रोटरी क्लब मंदसौर ने लगाया ग्लोबल ग्रांट का चौका

- श्री गौतम मुनि की प्रेरणा से चार नई डायलिसिस मशीनों से मिलेगा हजारों मरीजों को जीवनदान

**मंदसौर। रोटरी क्लब मंदसौर ने सेवा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए अपने चौथे ग्लोबल ग्रांट प्रोजेक्ट के अंतर्गत सर्वजन हित गौतम मुनि जैन सामाजिक एवं शैक्षणिक समिति, मंदसौर में चार अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें स्थापित कराने की स्वीकृति प्रदान की है।**

यह सेवा प्रकल्प परम पूज्य गुरुदेव गौतम मुनि की प्रेरणा एवं रोटरी फाउंडेशन के सहयोग से साकार हो रहा है। इस परियोजना के प्रमुख दानदाता विवेक जी सम्पतलाल बोरदिया परिवार (उदयपुर), अभिषेक अभय मेहता 'करजूवाला' परिवार (मंदसौर, वर्तमान निवास पुणे) तथा शैलेन्द्र कुमार पारसमल मट्ठा परिवार (नीमच) हैं। इस महत्वपूर्ण सेवा कार्य में परम गुरु भक्त मनीष मारू की सक्रिय भूमिका भी उल्लेखनीय रही। उन्होंने निरंतर समन्वय, प्रेरणा और सहयोग के माध्यम से इस प्रकल्प को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

सर्वजन हित श्री गौतम मुनि जैन सामाजिक एवं शैक्षणिक समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से चार डायलिसिस मशीनों का सफल संचालन अनुयोग हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर प्रा लि मंदसौर के सहयोग से किया जा रहा है, जहाँ किडनी रोगियों को मात्र ?800 में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। अब चार नई मशीनें जुड़ने से मरीजों की प्रतीक्षा अवधि कम होगी तथा अधिक संख्या में जरूरतमंदों को समय पर उपचार मिल सकेगा। परम पूज्य श्री गौतम मुनि की प्रेरणा से देशभर में विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से लगभग 550 से अधिक डायलिसिस मशीनों का संचालन किया जा रहा है, जिनके माध्यम से हजारों मरीजों को अत्यंत रियायती दरों पर जीवनदायी उपचार उपलब्ध हो रहा है।

रोटरी क्लब मंदसौर के अध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी ने बताया कि क्लब द्वारा इस वर्ष लगातार चौथा ग्लोबल ग्रांट प्रोजेक्ट स्वीकृत कराया गया है। इससे पूर्व महावीर स्वास्थ्य केंद्र दलौदा में डायलिसिस मशीन, मंदसौर में एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस तथा जिला चिकित्सालय के लिए मैमोग्राफी मशीन स्वीकृत की जा चुकी है, जिनका लाभ शीघ्र ही क्षेत्रवासियों को मिलेगा।

क्लब सचिव कपिल भंडारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में रोटरी क्लब मंदसौर द्वारा ग्लोबल ग्रांट के माध्यम से लगभग 2 करोड़ के सेवा प्रकल्प स्वीकृत एवं क्रियान्वित किए जा चुके हैं। सुशील मल्होत्रा, डिस्ट्रिक्ट फर्स्ट लेडी रूबी मल्होत्रा, डीआरएफसी नितिन डफरिया व असिस्टेंट गवर्नर संजय गोठी ने सेवा प्रकल्प की सराहना की।

## योग संस्थान ने लगाया विशेष योग और एरोबिक्स शिविर, गूंजा योग-365 का संकल्प

**मन्दसौर। दशपुर योग शिक्षा संस्थान, मंदसौर द्वारा ''योग-365'' अभियान के तहत स्थानीय तेलिया तालाब पर प्रात:काल विशेष योग एवं एरोबिक्स शिविर का आयोजन किया गया। सार्वजनिक स्थल पर इस शिविर का आयोजन करने का उद्देश्य माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग को 365 अपनाने के आव्हान को गति देना था।**

योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने कहा कि विगत 19 वर्षों से नगर में नियमित नि:शुल्क योग कक्षाओं का संचालन कर रहा है। वर्तमान में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में संस्थान द्वारा 6 नियमित नि:शुल्क योग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे अब तक हजारों नागरिक लाभान्वित हो चुके हैं। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देशवासियों का आव्हान करते हुए कहा था कि ''योग को कैलेंडर की



मात्र एक तारीख नहीं, बल्कि अपने जीवन का हर दिन (365 दिन) बनाना होगा। प्रधानमंत्री के इसी संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने और योग को प्रत्येक नागरिक की दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए हमारा संस्थान मंदसौर नगर में एक जागृति अभियान योग-365 प्रारंभ किया है। विभिन्न समाजों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शासकीय विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष शिविर लगा लोगों को जोड़ेंगे।

योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने विभिन्न योग क्रियाएं करवाईं। एरोबिक्स कोमल कोटवानी ने करवाया। इस अवसर पर ओमप्रकाश गर्ग, जिनेन्द्र उकावत, जितेश फरक्या, विजय पलोड़, कृष्णा मण्डलोई, सुमन रावल, ललित जैन, धर्मदास संगतानी, बीना गर्ग, गोपालकृष्ण पलोड़, आनन्द कुमार कर्ण, लालूप्रसाद चंसोरिया, घनश्याम पाण्डेय, वीरेन्द्र पाटीदार, कैलाश शर्मा, सुमित्रा शर्मा, साधना जैन, प्रदीपकुमार जैन, दिलीप कुमार चौधरी, नीलम जैसवानी, जापानी भावनानी, महेश सेठिया, शैलेन्द्र मिंडा, दिनेशचन्द्र पारिख, प्रियंका मिण्डा, अनिल कोठारी, रश्मि कोतक, राहुल सेठिया, भगवानदास कोठारी, करिश्मा गोखलानी व अन्य मौजूद थे।

# नीमच

## एक नजर में

### 124वां श्री णमोकार महामंत्र जाप कार्यक्रम

**नीमच।** प पु आचार्य देव श्री निपुणरत्न सुरीश्वर जी महाराज साहब, शांत क्रांत गच्छाधिपति प पु आचार्य देव श्री विजयराज जी महाराज साहब एवं राष्ट्र संत कमलमुनिजी कमलेश महाराज साहब के पावन आशीर्वाद से अखिल विश्व णमोकार प्रेम मंडल नीमच द्वारा प्रति पुर्णिमा को आयोजित किये जाने वाले सर्वाधि व्याधि विनाशक सुख शांति समृद्धि आरोग्य प्रदायक श्री णमोकार महामंत्र के जाप दिनांक 29 जुन 2026 ज्येष्ठ शुक्ल पुर्णिमा सोमवार को श्री आदिनाथ जिनालय जिन कुशल दादावाड़ी स्पेंटा पेट्रोल पंप के पास नीमच पर सांय 8 से 9 बजे तक आयोजित किये जायेंगे। मंडल अध्यक्ष पारस कांठेड़ एवं सचिव जितेंद्र सकलेचा ने जानकारी देते हुए बताया मंडल परिवार द्वारा सकल जैन श्वेतांबर एकता के पक्ष में यह 124 वां णमोकार महामंत्र जाप है।

### पर्यावरण मित्रों ने आरोग्य संकल्प पर्यावरण वाटिका में किया श्रमदान



**नीमच।** वर्षा रितु ने आगज कर दिया है कि वृक्ष है तो प्राणी जगत का जीवन है इसके बिना जीवन संभव नहीं है ये हमें इस भीषण गर्मी की याद दिलाता है कि आओ मिलकर पेड़ लगाए धरती को फिर स्वर्ग बनाएं इसी उद्देश्य को लेकर तो संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच के सदस्य विगत 12 वर्षों से निरन्तर अभियान चला कर शहर से गांव तक पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने के सेवा कार्य में जुटे हुए हैं, कहते हैं वृक्ष के बिना पानी बरसता नहीं ओर पानी के बिना प्राणी जीवीत नहीं रह सकता है, पेड़ पोंधे हमारे जीवन मित्र हैं इनका संरक्षण करना हम सभी का दायित्व के तहत इस वर्षाकाल में रोड़ वेज बस स्टैंड स्थित आरोग्य संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में पोधा रोपण हेतु पर्यावरण मित्रो ने शनिवार दिनांक 27 जुन 2026 को प्रात : 7 से 9 बजे तक श्रमदान कर परिसर में गाजर घास कंटीली झाड़ियों की साफ-सफाई कर गंदा कचरा आदि एकत्रित कर ढेर लगाए, संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने बताया कि इस वर्षाकाल में संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था एवं आरोग्य सेवा भारती मालवा प्रांत जिला नीमच द्वारा नगरपालिका की सहभागिता में विभिन्न प्रजातियों के फलदार छायादार फुलदार ओषधि युक्त पोंधे रोपित किए जाएंगे, अभियान में संस्था संरक्षक अजय भटनागर, अध्यक्ष किशोर बागड़ी सचिव दुलीचंद कनेरिया, संयुक्त सचिव केशव सिंह चौहान ने 2 घंटे श्रमदान किया।

## रतनगढ़ में दिनदहाड़े 2 बच्चियों का अपहरण

- ग्रामीणों ने 25 किमी तक फिल्मी स्टाइल में पीछा कर छुड़ाया, घेराबंदी कर 2 आरोपी पकड़े

**नीमच। जिले के रतनगढ़ थाना इलाके के तुमड़िया गांव में शुक्रवार को दिनदहाड़े दो नाबालिग बच्चियों के किडनैपिंग की कोशिश की गई। हालांकि, ग्रामीणों ने करीब 25 किलोमीटर तक पीछा कर दोनों बच्चियों को बदमाशों के चंगुल से सकुशल छुड़ा लिया। लोगों ने घेराबंदी कर तीन में से दो आरोपियों को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया है, जबकि एक आरोपी भागने में कामयाब रहा। पकड़ाए गए आरोपी भी नाबालिग बताए जा रहे हैं।**

**खेत से घर लौट रही बच्चियों को जबरन कार में ठूंसा:** जानकारी के मुताबिक, 8 और 13 साल की दो सगी बहनें अपने खेत से काम निपटाकर घर लौट रही थीं। तभी रास्ते में एक सफेद रंग की ईको कार (एमपी 44 जेडबी 5881) आकर रुकी। कार से उतरे लड़कों ने दोनों बच्चियों को जबरदस्ती गाड़ी के अंदर खींच लिया और दरवाजा बंद कर भागने लगे। बच्चियों ने चिल्लाना शुरू किया तो पास के खेत में काम कर रहे ग्रामीण भेरूलाल जटिया और प्रहलाद बैरागी की नजर उन पर पड़ी।

**बाइक को मारी टक्कर, ट्रैक्टर अड़ाकर रोका रास्ता:** दोनों ग्रामीणों ने बिना वक्त गंवाए अपनी बाइक से कार का पीछा करना शुरू कर दिया। करीब दो किलोमीटर आगे उन्होंने कार के आगे बाइक लगाकर उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन बेखौफ बदमाशों ने बाइक को जोरदार टक्कर मारी और उसे घसीटते हुए कार भगा ले गए। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत फोन कर आसपास के गांवों के लोगों को अलर्ट कर दिया। आरोपी कार लेकर बिजेपुर, दौलतपुरा और चडोल की तरफ भाग रहे थे, तभी आगे के गांव आटा सरोदा के लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए सड़क पर एक बड़ा ट्रैक्टर आड़ा खड़ा कर दिया।

**कार में मिली दूसरी लड़की की चप्पल:** रास्ता बंद देखकर बदमाशों को गाड़ी रोकनी पड़ी। 25 किलोमीटर तक पीछा कर रहे और आगे रास्ता रोके खड़े ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए कार को चारों तरफ से घेर लिया और दो आरोपियों को पकड़ लिया, जबकि उनका एक साथी चकमा देकर भाग निकला।

### बड़े गिरोह के शामिल होने की आशंका





कार की तलाशी लेने पर पुलिस को अंदर एक और लड़की की चप्पल और खिड़कियों पर लगाने वाले गत्ते मिले हैं, जिससे किसी बड़े गिरोह का शक जताया जा रहा है। नाराज ग्रामीणों ने दोनों आरोपियों को पहले जाट पुलिस चौकी और फिर रतनगढ़ थाने सौंपा। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और पीड़ित परिवार थाने पहुंचे और सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## होटलों के पास फायर एनओसी नहीं...!

**नीमच।** होटल एवं गेस्ट हाउस का नियम है कि उन्हें अपने यहां पर फायर फाइटिंग सिस्टम लगाना होता है। शहर में करीब दो दर्जन से अधिक होटल व गेस्ट हाउस संचालित हो रहे हैं। इनमें से केवल गिने चुने होटलों के पास ही फायर एनओसी है। शेष होटल भी गेस्ट हाउस की परमिशन पर चल रहे हैं। उनके पास फायर एनओसी तक नहीं है। इसके अलावा इन गेस्ट हाउस और होटलों के के बेसमेंट में पार्किंग होनी चाहिए, जिसे उन्होंने विवाह समारोह स्थल और सामान रखने का ठिकाना बना रखा है। अगर आगजनी की घटना ऐसे होटल अथवा गेस्ट हाउस में हो जाए तो बचाव के लिए उनके पास पर्याप्त संसाधन तक नहीं हैं।

**होटल और गेस्ट हाउस की परमिशन में काफी अंतर है:** होटल के लिए कम से कम छह हजार स्क्वायर फीट का क्षेत्रफल चाहिए होता है। इसके साथ ही होटल के सामने करीब 40 मीटर की चौड़ी सड़क होनी चाहिए। वह कामर्शियल जगह पर होना चाहिए। होटल के अंदर रेस्टोरेंट होने चाहिए। जबकि गेस्ट हाउस की परमिशन दो हजार से अधिक के भूखंड पर मिल जाती है। यहां पर बेसमेंट में पार्किंग होनी चाहिए।

**आवासीय परमिशन पर बना दिए गेस्ट हाउस:** शहर में इस समय कई गेस्ट हाउस आवासीय परमिशन पर संचालित हो रहे हैं। यहां पर लोगों ने दो भूखंडों को मिलाकर उन पर आवासीय परमिशन लेकर अवैध तरीके से गेस्ट हाउस खडे कर दिए हैं।

**गेस्ट हाउस की परमिशन पर संचालित हो रहे हैं होटल:** अधिकांश होटल, कालोनियों में संचालित हो रहे हैं। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों के अनुसार किसी भी कालोनी में होटल, गेस्ट हाउस परमिशन नहीं दी जा सकती है। इसके बाद भी शहर में धड़ल्ले से गेस्ट हाउस, होटल आदि संचालित हो रहे हैं और इनमें विवाह समारोह आदि के आयोजन किए गए।

## महागढ़ चक में शव मिलने से बवाल परिजन ने किया चक्काजाम

**मनासा।** मनासा-मंदसौर मार्ग स्थित महागढ़ चक में शनिवार को 35 वर्षीय युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजन ने मामले में हत्या की आशंका जताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान नारायणसिंह (35) निवासी महागढ़ चक के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि पिछले करीब छह माह से उनका समाज के एक पक्ष से विवाद चल रहा था। घटना के बाद मृतक की जेब से एक कथित सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें धमकाने और जान से मारने का उल्लेख होने की बात सामने आई है। पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मनासा-मंदसौर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शनकारियों ने निष्पक्ष जांच एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। मनासा थाना प्रभारी (टीआई) भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश देकर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एक नजर

### 1 लाख 10 हजार ट्राली मिट्टी निकाली, 7500 से अधिक किसानों ने खेतों में डाली

## जनसहयोग से जल संवर्धन की सार्थक पहल...

**नीमच।** जिला प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जन सहयोग से जल संवर्धन का अभियान 2026 चलाया गया। कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा एवं जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव के निर्देशन में चलाए गये जनसहयोग से जल संवर्धन अभियान के तहत जिले में 243 ग्राम पंचायतों में गहरीकरण के लिए कुल 400 तालाबों, चेकडेम, स्टाप डेम एवं अन्य जल संरचनाओं को चिन्हित कर, 352 जल संरचनाओं का जन सहयोग से गहरीकरण कर एक लाख 10 हजार ट्रेक्टर ट्राली मिटटी निकालकर



किसानों ने अपने खेतों में डाली हैं।

जिला पंचायत नीमच के परियोजना अधिकारी सुशील दौराया ने बताया, कि इस कार्य में 6500 से अधिक ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता की हैं। इससे एक ओर जहां तालाबों एवं जल संरचनाओं का गहरीकरण होकर उनकी जल भराव क्षमता 3.50 लाख घन मीटर बढ़ी है। साथ ही किसानों को अपने खेतों के लिये उपजाऊ मिटटी भी उपलब्ध हुई हैं। किसानों से तालाबों से निकाली मिट्टी का उपयोग नये खेतों को तैयार करने में किया हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत जिले में 682 खेत तालाबों का निर्माण पूर्ण हो गया हैं। जिले में 1915 डगवेल रिचार्ज के कार्य पूर्ण हो गये है। इस वर्ष 18 अमृत सरोवर, निर्माण के कार्य किए गऐ हैं। जल संचयन संरचनाओ के 350 कार्य और वाटर शेड परियोजनाओ में 60 कार्य पूर्ण हुए है।